शायद मेरा थोड़ा सा खयाल दिल मे आया है

श्याम भजन : तर्ज शायद मेरी शादी का ख्याल

शायद मेरा थोडा सा ख्याल दिल मे आया है,
इसलिए बाबा ने मुझे किर्तन में बुलाया है,
लाचारी और मजबुरी पर तरस आया है,
इसलिए बाबा ने मुझे किर्तन में बुलाया है,

सोचता के मै भी तेरे दर पे आ जाता,
पर बुलावे बिन भला मै कैसे आ पाता,
कृपा तेरी जिस पर बस वो ही आता है,
तु जिसको चाहे उसको ही बुलाता,
मेरा नम्बर अब कि बार तेरी लिस्ट में आया है,
इसलिए बाबा ने मुझे किर्तन में बुलाया है,

मै भटकता फिर रहा था जग में आवारा,
आया तेरे दर पे मुझको तुने ही तारा,
पहले ना कोई मुझसे बात करता था,
ना मिलके कोई मुलाकात करता था,
अब तो भैया भैया कहके मान बढाया है,
इसलिए बाबा ने मुझे किर्तन में बुलाया है,

श्याम के गुनगान मे भाई सब चले आना,
मुख से लेकर नाम इनका भव से तर जाना,
कहे रोडा जो भी इनकी शरण में आता है,
जिवन मे खुशीया बिन मांगे पाता है,
रहमत मेरा श्याम प्रभु भग्तो पे लुटाया है,
इसलिए बाबा ने मुझे किर्तन में बुलाया है,

रचना:-पवन रोडा
सरदारशहर
9772550050
जय श्री श्याम

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11664/title/shyad-mera-thoda-sa-khayal-dil-me-aaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |